

आथिया ने लिखा- माय पर्सन

आथिया ने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, हैपी बर्थडे, माय पर्सन। इस कैप्शन के साथ ही इस बॉलिवुड ऐक्ट्रेस ने दिल वाला इमोजी भी लगाया। इसके रिप्लाई में राहुल ने भी दिल वाले तीन इमोजी पोस्ट किए। इसके बाद फिर से इस बात की चर्चा होने लगी कि राहुल और आथिया के बीच नजदीकियां काफी बढ़ चुकी हैं और दोनों एक दूसरे को डेट भी कर रहे हैं।

## आथिया ने किया विश, तो राहुल ने रिप्लाई में दिया दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल को उनके 28वें बर्थडे पर कई दिग्गज हस्तियों ने विश किया। इस बीच बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आथिया शेट्टी का इंस्टाग्राम पोस्ट बेहद खास बन गया। आथिया ने भी उन्हें बर्थडे विश किया और उनके साथ एक फोटो शेयर की। बर्थडे पर आथिया शेट्टी ने किया विश, तो लोकेश राहुल ने रिप्लाई में दिया दिल बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आथिया शेट्टी ने स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल के साथ अपना एक फोटो शेयर किया। उसके साथ जो कैप्शन उन्होंने लिखा, उस पर खुद राहुल भी खास रिप्लाई करने से नहीं रुक सके। पिछले कुछ समय से इस बात की चर्चा है कि बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आथिया शेट्टी और स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल रिलेशनशिप में हैं लेकिन अभी तक दोनों की तरफ से कुछ भी ऑफिशियल नहीं है। आथिया ने राहुल के बर्थडे पर एक फोटो शेयर किया। उसके साथ जो कैप्शन उन्होंने लिखा, उस पर खुद राहुल भी रिप्लाई करने से नहीं रुके।

# पेस-भूपति से कुछ सीखें फोगाट और ज्वाला गुट्टा

सोशल मीडिया

## 3 मई तक देशव्यापी लॉकडाउन, खेल जगत पर भी बड़ा असर



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर पूरे भारत में लॉकडाउन घोषित है और इस दौरान खेल जगत की दिग्गज हस्तियां भी अपने-अपने घरों पर समय बिता रही हैं। कुछ खाना बनाना सीख रहे हैं, कोई डांस वीडियो शेयर कर रहे हैं तो कुछ टिकटॉक पर ऐक्टिव हो गए हैं लेकिन रेसलर बबीता फोगाट ने सोशल मीडिया पर मुसीबत मोल ली।

लॉकडाउन के दौरान जहां दिग्गज लिएंडर पेस और युगल में उनके साथी रहे महेश भूपति के बीच दोस्ती की फिर से उम्मीद नजर आई लेकिन बबीता और ज्वाला के बीच लगता है कि यह विरोध और आपसी मतभेद बढ़ाने वाला रहा।

अर्जुन अवॉर्डी महिला पहलवान बबीता फोगाट ने जमाती को लेकर एक ट्वीट किया जिससे कोहराम मच गया और खेल जगत की कुछ हस्तियां उनके सपॉर्ट में खड़ी नजर आईं तो कुछ ने विरोध जताया। रेसलर बजरंग पूनिया समेत कई लोगों ने बबीता के सपॉर्ट में ट्वीट किए तो वहीं शटलर ज्वाला गुट्टा किसी उनके विरोध में खड़ी नजर आईं।

बीजेपी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुकीं बबीता ने जब जमाती को लेकर अपने विवादित बयान पर कायम रहने वाला वीडियो शेयर किया तो ज्वाला ने उस पर लिखा, स्सॉरी बबीता, मुझे नहीं लगता कि यह वायरस कोई धर्म देखता है। मैं आपसे बयान वापस लेने का आग्रह करती हैं। हम सभी खिलाड़ी हैं जिन्होंने महान देश का प्रतिनिधित्व किया है जो सेक्युलर और बहुत खूबसूरत है। जब हम जीते तो इन्हीं लोगों ने हमारी जीत का जश्न मनाया जैसे हमारी जीत ही उनकी जीत हो। यदि आप बबीता फोगाट को सपोर्ट करते हैं तो उन तक यह बात जरूर पहुंचा दीजिए और उनको बोलिए ध्यान से कान खोल कर सुन लें।


अर्जुन अवॉर्डी 36 साल की शटलर ज्वाला ने एक और ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि वह हमेशा देश के लिए खेलीं और देशवासियों ने उनकी हर जीत का जश्न मनाया।

इससे पहले ऐसे लगा जैसे लॉकडाउन ने भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और महेश भूपति के बीच दरार को तोड़ दिया है। इंडियन एक्सप्रेस के नाम से मशहूर इस भारतीय जोड़ी ने कई टूर्नामेंट साथ खेले और खिताब जीते लेकिन फिर निजी रिश्तों में कड़वाहट आ गई और जोड़ी टूट गई। अब लॉकडाउन के कारण इसमें करीबी आती नजर आ रही है।

पेस ने रविवार को फ्राई पैन चैलेंज स्वीकार करते हुए अपना और पूर्व साथी महेश भूपति का एक कोलाज वीडियो शेयर किया। पेस ने इसे शेयर करते हुए लिखा कि यह वीडियो उन लोगों के लिए बनाया है जो उन्हें और उनके पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता साथी को एक साथ खेलते हुए देखना चाहते थे।

# दर्शकों की मौजूदगी में तुर्कमेनिस्तान में फिर शुरू होगा फुटबॉल सीजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



अश्काबाद (तुर्कमेनिस्तान)। दुनिया भर में कोरोना वायरस के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त है और खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित या रद्द कर दिया गया है लेकिन तुर्कमेनिस्तान मे फुटबॉलर सीजन फिर शुरू होने जा रहा है। दर्शकों की मौजूदगी में तुर्कमेनिस्तान रविवार से एक बार फिर अपना फुटबॉल सीजन शुरू कर रहा है। तुर्कमेनिस्तान दुनिया के उन कुछ देशों में शामिल है जहां अब तक कोरोना वायरस का एक भी मामला सामने नहीं आया है। मध्य एशिया के इस देश ने दुनिया के अन्य देशों के नक्शेकदम पर चलते हुए मार्च में आठ टीमों की अपनी लीग निलंबित कर दी थी। उस समय सत्र में सिर्फ तीन मुकाबले हुए थे। राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों का हवाला देकर लीग निलंबित की थी।

एक महीने बाद देश में फुटबॉल की वापसी हो रही है और दर्शक स्टेडियमों में पहुंचने को लेकर उत्साहित हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय हालांकि चिंतित है कि तुर्कमेनिस्तान इस महामारी के खतरे को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

तुर्कमेनिस्तान में अभी तक कोई कोरोना का केस नहीं, फिर अपना फुटबॉल सीजन शुरू करेगा

34 साल के एक व्यवसायी अशीर युसुपोव ने मजाकिया लहजे में कहा, 'खुशी से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।' उन्होंने कहा कि वह रविवार को गत चैंपियन एल्टिन एसिर और शीर्ष पर चल रहे कोपेटडेग के बीच यहां होने वाले मुकाबले को देखेंगे। युसुपोव ने कहा कि अन्य देशों में खेल प्रतियोगिताओं पर लगे प्रतिबंध के बावजूद उन्हें भीड़-भाड़ वाली जगहों का डर नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारे यहां कोरोना वायरस नहीं है, तो फिर अपनी लीग को शुरू क्यों ना करें?'

## पीटरसन ने धोनी की टांग खिंचाई की, चेन्नै ने दिया बेहतरीन जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की टांग खिंचाई करना उल्टा पड़ गया। धोनी की ओर से केपी को जवाब दिया इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रैंचाइजी चेन्नै सुपर किंग्स ने। चेन्नै के जवाब को क्रिकेट फैन्स भी खूब पसंद कर रहे हैं। दरअसल, पीटरसन ने इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी करते समय धोनी से बात करते हुए एक फोटो साझा की है। पीटरसन ने फोटो के साथ लिखा, 'हे धोनी, आप वहां मेरे लिए फील्डर क्यों नहीं रखते? आप लोगों के खिलाफ रन करना कितना आसान है।'

इस पर चेन्नै ने एक फोटो ट्वीट की जिसमें धोनी पीटरसन को स्टम्पिंग करते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो के साथ चेन्नै ने लिखा, 'कई बार फील्डर की जरूरत नहीं होती।' धोनी की कप्तानी वाली फ्रैंचाइजी का जवाब लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि केविन पीटरसन सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। वह अक्सर तस्वीर और वीडियो शेयर करके अपनी बात फैन्स से शेयर करते रहते हैं।

## न्यूज डायरी



## रोहित शर्मा क्रिकेटर नहीं कवि हैं, मक्खन की तरह करते हैं बैटिंगः इरफान पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उप-कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की है और उन्हें शुद्ध बल्लेबाज बताया है। शमी ने पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान के साथ इंस्टाग्राम लाइव चौट में रोहित को पैकेज बताया है, वहीं दूसरी ओर इरफान ने उन्हें कवि बताया है। पठान ने कहा कि रोहित को खेलता देखकर ऐसा लगता है कि वह क्रिकेटर नहीं कवि हैं। बाएं हाथ के पूर्व गेंदबाज ने कहा, 'कभी, जब मैं कॉमेंट्री कर रहा होता हूं और रोहित को खेलता देखता हूं तो ऐसा लगता है कि वह क्रिकेटर नहीं, बल्कि कवि हैं। वह मक्खन की तरह बल्लेबाजी करते हैं। गेंदबाज को पता ही नहीं चलता कि वह मार रहे हैं और वो मारते रहते हैं।' शमी ने कहा, 'मुझे लगता है कि वो पूरा पैकेज हैं.. क्रिकेट क्या यह सीखने और दिखाने के लिए। वह शुद्ध बल्लेबाज हैं। अगर वह बल्लेबाजी कर रहे हैं तो आपको काफी कुछ सीखने को मिलेगा।'

## चहल ने अनुष्का भाभी से की अजीब रिक्वेस्ट, लगाया ओपनिंग के लिए सोर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनकी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस वाइफ अनुष्का शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो इस कपल ने खुद इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था। दरअसल, इस वीडियो में अनुष्का अपने क्रिकेटर पति विराट से फैन की तरह चौका लगाने की अपील करते दिख रही थीं। इस करिश्माई स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी कॉमेंट किया है। उन्होंने अनुष्का से खुद के लिए विराट कोहली से एक अजीब सी रिक्वेस्ट की है। चहल ने लिखा- भाभी अगली बार कृपया कहना- चहल से ओपनिंग कराओ ना, मैं यही उम्मीद करूंगा कि वह आपकी यह बात मान लें। उनके इस कॉमेंट को फैन्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। ढेरों लाइक्स और कॉमेंट आ चुके हैं। बता दें कि चहल अपनी हाजिर जवाबी के लिए जाने जाते हैं।

## लॉकडाउन में फंसे शाहबाज नदीम, पत्नी के लिवर का कोलकाता में होना है इलाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा स्पिन गेंदबाज शाहबाज नदीम इन दिनों लॉकडाउन में फंस गए हैं। नदीम के पत्नी लिवर की समस्या से जूझ रही हैं और उन्हें इलाज के लिए कोलकाता जाना है। लेकिन नदीम को पश्चिम बंगाल सरकार ने देश भर में जारी लॉकडाउन के इस समय में नदीम को राज्य में एंट्री की इजाजत नहीं दी है। नदीम की पत्नी को फैटी लिवर की समस्या है, जिसका बीते चार-पांच महीने से इलाज चल रहा है। वह डॉक्टरों द्वारा शुरू किए गए इलाज के अनुसार दवाइयां ले रही हैं। अंग्रेजी दैनिक श्द न्यू इंडियन एक्सप्रेस्श की एक रिपोर्ट के मुताबिक नदीम की पत्नी इस समय कुछ कमजोरी और उबकाई महसूस कर रही हैं। नदीम की पत्नी को एमआरआई जांच सहित कुछ अन्य जांच भी करवानी हैं। नदीम ने बताया कि उन्होंने अपने गृह नगर धनबाद में इन जांच के बारे में पूछताछ की थी लेकिन वहां यह सुविधा नहीं मिली।

## खेल मंत्रालय और आईओए विवाद में किरण रिजिजू का दखल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के कामकाज में मंत्रालय के दखल की आईओए की शिकायत के बाद तनाव कम करने की कवायद में खेल मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि संस्थागत तालमेल के रास्ते में व्यक्तियों का अवांछित आचरण बाधा नहीं बनना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने मीडिया रिपोर्ट उनकी जानकारी में लाई है जिसमें कुछ एनएसएफ ने चिंता जताई है कि मंत्रालय और साई उनके कामकाज पर नियंत्रण की कोशिश कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा, 'सभी संबंधित पक्षों के बीच नियमित मशविरा और चर्चा जरूरी है लेकिन किसी भी परिस्थिति में आपसी तालमेल और यह भावना बाधित नहीं होना चाहिए।' खेल सचिव राधेश्याम जुलानिया ने एनएसएफ के आरोपों पर कहा था कि दखल के आरोप लगाने से पहले उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं छोड़ देनी चाहिए।